क्रमांक-1

मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

सोमवार, दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 (अग्रहायण 14, शक सम्वत् 1938)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.

1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 179-नेपानगर (अ.ज.जा.) से, उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य सुश्री मंजू राजेन्द्र दादु ने शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा भवन में अपना स्थान ग्रहण किया.

3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री सत्यदेव कटारे, मध्यप्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष,
(2) श्री रामनरेश यादव, मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल,
(3) श्री मोहम्मद शफी कुरैशी, मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(4) डॉ. भाई महावीर, मध्यप्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल,
(5) श्री विद्याधर जोशी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(6) डॉ. लालता प्रसाद खरे, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(7) राव देशराज सिंह यादव, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(8) श्री सेवाराम गुप्ता, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(9) श्री आरिफ बेग, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(10) श्रीमती जयवंतीबेन मेहता, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(11) प्रो. एम.जी.के.मेनन, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(12) कानपुर के निकट पुखरायां में दिनांक 20 नवम्बर, 2016 को हुए रेल हादसे में मृत व्यक्ति.

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्री बाला बच्चन, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष महोदय, श्री सत्यप्रकाश सखवार तथा डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्यगण द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में मध्याह्न 12.07 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 6 दिसम्बर, 2016 (अग्रहायण 15, शक सम्वत् 1938) को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अवधेश प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 5 दिसम्बर, 2016